देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 22.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- रेलवे ने यात्रियों से सतर्क रहने और रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 139 पर देने को कहा।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सरखेत में आपदा प्रभावित क्षेत्र में चल रहे विकास और सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।
- रुद्रपुर के एक आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया।
- चमोली जिले में गोविन्द घाट से पंज प्यारों की अगुवाई में पहला जत्था बैंड की मधुर ध्वनि के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना। कल खुलेंगे कपाट।

<u>रेल मंत्रालय</u>

रेल मंत्रालय ने रेलवे के बुनियादी ढांचे और ट्रेन संचालन को निशाना बनाकर हाल ही में हुई घटनाओं के बीच यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने और रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना हेल्पलाइन नंबर 139 पर तुरंत देने का आग्रह किया है।

<u>कैबिनेट मंत्री</u>

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून जिले के सरखेत में आपदा प्रभावित क्षेत्र में चल रहे विकास और सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आगामी बरसात को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कैबिनेट मंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्र में मलबे की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को तत्काल इसके चैनेलाइजेशन कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना बहुत जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। श्री जोशी ने सरखेत क्षेत्र में आपदा के मलवे के चैनेलाइजेशन और सुरक्षात्मक कार्यों के लिए विधायक निधि से 5 से 10 लाख रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास और सुरक्षा को लेकर गंभीर है और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

होम स्टे

प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासन और पर्यटन विभाग की संयुक्त जांच में कई ऐसे होमस्टे सामने आए हैं, जो निर्धारित नियमों के विपरीत होटल और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की तरह संचालित किए जा रहे थे। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले होमस्टे के पंजीकरण निरस्त कर दिए हैं। पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए आठ कमरों तक के आवासों को भी योजना के तहत आवेदन की अनुमति दी है, लेकिन सभी इकाइयों के लिए पंजीकरण और निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य रहेगा।

बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

ऊधमसिंह नगर जिले में रुद्रपुर के एक आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिले में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 3 लाख 86 हजार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 281 मरीज बच्चों को उच्च चिकित्सा संस्थानों के लिए रैफर किया गया और 132 बच्चों का उपचार हुआ। वहीं 149 मामलों में उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 30 बीमारियों को कवर किया जाता है और सभी बीमारियों का निःशुल्क इलाज होता है।

बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि डॉक्टरों ने उनके बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर दवाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें काफी लाभ मिला है।

हेमकुंड जत्था

चमोली जिले में स्थित हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए आज पंज–प्यारों की अगुवाई में पावन निशान साहिब की अगाध श्रद्धा और बैण्ड–बाजों की मधुर धुनों के बीच सिक्ख श्रद्धालुओं का पहला जत्था गुरुद्वारा गोविन्दघाट से हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ। हेमकुंड यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पूरे यात्रा मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया है और पहले जत्थे के साथ विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में अपनी यात्रा पूरी कर सके। यह जत्था आज रात घांघरिया स्थित गुरुद्वारे में विश्राम करेगा। इसके बाद कल विधि–विधान और अरदास के साथ हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

मासिक बैठक

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मासिक स्टाफ बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी और जनहित केंद्रित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली, चारधाम यात्रा व्यवस्थाएं, अवैध खनन, पेयजल आपूर्ति और जन शिकायतों के निस्तारण सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई।